**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 01.04.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने आश्वस्त किया – देश में सभी प्रकार की फसलों के बीज और कृषि रसायन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध।**
- **नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज से आयकर अधिनियम– 2025 लागू।**
- **केंद्र सरकार ने राजस्थान सहित आठ राज्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– मौजूदा सरकार ने अब तक एक लाख पच्चीस हजार नियुक्तियां दी।**
- **प्रदेश में 262 चयनित स्थानों पर करीब 6 सौ ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जायेगें।**

000

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने आज आश्वासन दिया कि देश में सभी प्रकार की फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि और किसान कल्याण विभाग की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के 185 लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं। अपर सचिव ने कहा कि देश में कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है। संयुक्त सचिव ने यह भी बताया कि देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में उतार–चढाव के असर से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किया है।

000

केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राजस्थान सहित आठ राज्यों को एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत इस राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों की स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। पंचायती राज मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस बजट का एक हिस्सा विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, बारिश के पानी के संग्रह और कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर खर्च होगा।

000

नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज से आयकर अधिनियम– 2025 लागू हो गया है। इस अधिनियम– 2025 ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 स्थान ले लिया है। इसके जरिए जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करने के साथ ही करदाताओं के लिए कर प्रणाली को आसान बनाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन मानदंड भी लागू हो गये हैं। आज से ही तेल विपणन कंपनियों ने उन्नीस किलो वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक सौ पिचानवे रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। वार्षिक फास्टैग पास के लिए भी आज से वाहन चालकों को तीन हजार पिचहत्तर रुपये देने होंगे। रेलवे ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए आज से आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय में बदलाव किया है। अब ट्रेनों का रिजर्वेशन चार्ट रवानगी से करीब आठ घंटे पहले तैयार होगा, जो

पहले चार घंटे पहले बनता था। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि इस नई व्यवस्था से यात्रियों को टिकट कन्फर्म होने की स्थिति का समय रहते पता चल सकेगा। इससे यात्री अपनी यात्रा के लिए समय पर वैकल्पिक व्यवस्था कर सकेंगे।

000

जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। ये दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना होगी। इस **चरण में मकान सूचीकरण होगा और** आवास से जुडे सवाल पूछे जा रहे हैं। पहली बार डिजिटल रूप से होने वाली इस जनगणना में स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। राजस्थान में स्व–गणना अवधि पहली मई से 15 मई तक है। स्व–गणना एक सुरक्षित वेब–आधारित सुविधा है जिसके माध्यम से आमजन 16 भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डिजिटल जनगणना के फायदों के बारे में बताया।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्कूलों को विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के प्रमुख केंद्र बताया है। श्री शर्मा आज जयपुर के राजापार्क स्थित आदर्श विद्या मंदिर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को अहम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। युवाओं को दस लाख रोजगार देने के लक्ष्य के साथ अब तक एक लाख पच्चीस हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

000

केंद्र सरकार ने **'प्रधानमंत्री ई–ड्राइव'** योजना के तहत राजस्थान को 81 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इस योजना से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाया जाएगा। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की ओर से प्रदेश में 262 चिन्हित स्थानों पर 591 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा में मीडिया से बातचीत में इसे राज्य में हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बडा कदम बताया।

000

राज्य के सरकारी स्कूलों में आज से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। प्रदेशभर के स्कूलों में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को पाठ्यपुस्तकें मुफ्त वितरित की गईं और उन्हें नए पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। बालोतरा जिले के कोटेसो और बागावास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जहाँ नए विद्यार्थियों का मुँह मीठा करवाकर प्रवेश दिया गया। वहीं, झुंझुनूं के बीबासर स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में पहले ही दिन सत्ताईस बच्चों ने प्रवेश लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बेनीवाल ने बताया कि नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा पिछले एक पखवाड़े से घर–घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने पाली जिले के जवाई क्षेत्र में तेंदुए और अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा के लिए रात्रि सफारी पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने क्षेत्र में बढ़ती अनियंत्रित पर्यटन गतिविधियों के मद्देनजर यह आदेश जारी किया है। इसके तहत अब जवाई क्षेत्र में सफारी केवल सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक ही की जा सकेगी। वहीं, रात के समय सफारी पर पूरी तरह प्रतिबंध के साथ ही वन्यजीवों को ढूंढने के लिए ड्रोन, स्पॉटलाइट और टॉर्च जैसी कृत्रिम

रोशनी के उपयोग को भी प्रतिबंधित किया गया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों को किसी भी तरह से परेशान करना दंडनीय होगा।

000

हनुमानगढ़ के जंक्शन क्षेत्र में आज सादुल ब्रांच नहर में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब तीन युवक नहर में पूजा सामग्री प्रवाहित करने गए थे। सूचना मिलते ही जंक्शन थाना पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को नहर से बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।

000

राज्य में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित विकास के लिए भरतपुर जिले में पीएम सूर्य घर और कुसुम योजना के तहत इक्कीस मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत भरतपुर मुख्यालय सहित नदबई, वैर, बयाना, रूपवास और छोंकरवाडा में एक हजार नौ सौ अट्ठाइस सरकारी भवनों की पहचान की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक बीस सरकारी भवनों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि साठ अन्य भवनों पर कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना को दस, पांच और छह मेगावाट के तीन चरणों में पूरा करने के लिए विभिन्न एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

000

कल विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने समाज में सभी स्तरों पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। श्री बागडे ने विद्यालयों और कार्यस्थलों में छात्रों और सहकर्मियों को इस बारे में शिक्षित करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबका सामूहिक दायित्व है। उन्होंने ऑटिज़्म पीड़ित व्यक्तियों को समान अवसर, समर्थन और सम्मान उपलब्ध कराने की अपील की।

000